## पक्का नहीं है कि आईपीएल 2022 में सीएसके के लिए खेल पाऊंगा



बहुत सारी अनिश्चितताएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि उनका आखिरी मैच चेन्नई में हो सकता है। ऐसे में कयास लगाए गए कि वे आईपीएल 2022 में खेलेंगे, लेकिन इसके बाद संन्यास ले लेंगे। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने कहा था कि धौनी आइपीएल 2022 में जरूर खेलेंगे और कुछ और साल भी खेल सकते हैं, लेकिन एमएस धौनी ने आइपीएल 2021 के आखिरी लीग मैच के टास के दौरान कहा कि अभी कुछ भी तय नहीं हैं। महेंद्र सिंह धौनी से जब टास प्रेंजेटर डैनी मोरिसन ने पूछा कि क्या आप अगले साल येलो जर्सी में नजर आएंगे तो इसके जवाब में माही ने कहा, ष्देखिए, आप मुझे अगले साल पीले रंग में देख सकते हैं, लेकिन क्या मैं सीएसके के लिए खेलूंगा? इसके आस–पास बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं, एक साधारण कारण यह है कि दो नई टीमें आइपीएल में आ रही हैं। हम रिटेंशन पालिसी नहीं जानते हैं। हम नहीं जानते कि हम कितने विदेशी और कितने भारतीय खिलाड़ियों को रिटेन कर सकते हैं। धौनी ने आगे कहा, हम नहीं जानते कि हर खिलाड़ी को कितनी कीमत में रिटेन किया जा सकता है। इसलिए बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। जब तक नियम नहीं होते, आप वास्तव में यह तय नहीं कर सकते। इसलिए हम इसके होने का इंतजार करेंगे और उम्मीद है कि यह सभी के लिए अच्छा होगा। धौनी ने ऐसा इसलिए कहा है, क्योंकि धौनी की मौजूदा रिटेंशन राशि 15 करोड़ रुपये है। ऐसे में कुछ कहा नहीं जा सकता कि धौनी क्या सीएसके में बतौर खिलाड़ी खेलेंगे या फिर मेंटर होंगे।

# अब्दुल रज्जाक की बात को पाक खिलाड़ी ने बकवास करार दिया

क्रिकेट

## अब्दुल रज्जाक ने कहा था भारत को हराना पाकिस्तान के बस की बात नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे इंतजार के बाद 24 अक्टूबर को टी20 वर्ल्ड कप 2021 के दौरान मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले ये दोनों देश आखिरी बार 2019 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान एक दूसरे से भिड़े थे जहां पाकिस्तान को हार मिली थी। आइसीसी इवेंट में अब तक पाकिस्तान का रिकार्ड भारत के खिलाफ काफी खराब रहा है और इस टीम को भारत के विरुद्ध एक बार भी जीत नहीं मिली है। बहरहाल अब टी20 वर्ल्ड कप 2021 में दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलने जा रही है और इससे पहले बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो चुका है।

कुछ दिन पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज विराट कोहली और



रोहित शर्मा को जल्दी आउट कर लेंगे तो बाबर आजम की टीम भारत को हराने में सफल हो जाएगी। अब रज्जाक के इस बयान को पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने बकवास करार दिया है। कनेरिया का मानना है कि भारत को हरा पाना पाकिस्तान के बस की बात नहीं है साथ ही वो टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए एक अच्छी टीम खड़ी कर ले वही बड़ी उपलब्धि होगी। दानिश कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि पाकिस्तान की टीम में गेंदबाजी या फिर बल्लेबाजी को लेकर कोई स्थिरता नहीं है।


रज्जाक ने कहा कि अगर आप कोहली और रोहित को आउट कर लेते हैं तो फिर जीत जाएंगे और ये बात बिल्कुल ही बकवास है। पाकिस्तान अपनी टीम खड़ी कर ले वही बहुत बड़ी बात है। इंग्लैंड की बी टीम ने आपको हरा दिया था। आपके पास कहां है बल्लेबाजी जो आपको जीत दिलाएंगे। मैं इस तरह से बयान की उम्मीद अब्दुल रज्जाक जैसे खिलाड़ी से नहीं करता जिनका ओहदा पाकिस्तान में काफी ऊपर है। कनेरिया ने आगे कहा कि भारत का पलड़ा पाकिस्तान के खिलाफ काफी भारी है।

टीम इंडिया हर विभाग में अच्छा कर रही है। इस टीम में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रिषभ पंत, हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं और आप इन्हें कैसे आउट करेंगे।

## उमरान के पिता आजीविका के लिए बेचते हैं फल–सब्जी, कहा–बेटे ने गौरवान्वित किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइपीएल 2021 में सनराइडर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने अपनी तेज गति और अपने प्रदर्शन से सबसे ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। उमरान की गेंदबाजी देखकर कई पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों ने उनकी जमकर तारीफ की और उनका भविष्य उज्जवल बताया है। हैदराबाद के लिए इस सीजन के आखिरी लीग मैच में उन्होंने इस सीजन की सबसे तेज गेंद (152.95 किलोमीटर प्रतिघंटा) फेंकी और अब तक तो इतनी तेज गेंद किसी अन्य गेंदबाज ने नहीं फेंकी है। वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर कोलकाता के तेज गेंदबाज लाकी फर्ग्यूसन हैं जिन्होंने 152.75



किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी है।

जम्मू–कश्मीर से ताल्लुक रखने वाले इस क्रिकेटर की सफलता से उनके पिता काफी गर्व महसूस कर रहे हैं और इंडिया टुडे से बात करते हुए उन्होंने अपनी जीवन की कठिनाइयों के बारे में बताया। उमरान के पिता अपनी रोजी–रोटी चलाने के लिए सब्जी बेचते हैं और उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने उमरान के सपने को पूरा करने के लिए हमेशा उसका सहयोग किया। उमरान के पिता अब्दुल मलिक ने कहा कि उन्हें इस बात की उम्मीद है कि उनका बेटा एक दिन देश का नेतृत्व करेगा और नीली जर्सी पहनेगा।


उमरान के पिता ने कहा कि मेरे बेटे का क्रिकेट की ओर रुझान तब हुआ जब वह सिर्फ 3 साल का था। वह हमेशा एक पेशेवर क्रिकेटर बनने का सपना देखता था। हम बहुत खुश थे जब रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें प्लेइंग इलेवन में चुना। हम टीवी से चिपके हुए थे और मेरी व मेरी पत्नी की आंखों में खुशी के आंसू थे। मेरे बेटे ने बहुत मेहनत की है। हमने हमेशा उनका साथ दिया। हमें उम्मीद है कि एक दिन वह टीम इंडिया के लिए खेलेगा।

## आज नहीं तो फिर कभी नहीं... दर्द से कराहते हुए रच दिया इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की उदीयमान महिला पहलवान अंशु मलिक ने नॉर्वे के ओस्ले में जारी वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। अंशु (57 किलोग्राम) इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई हैं। अंशु की यह ऐतिहासिक जीत इस लिए भी खास है क्योंकि वह कोहनी में दर्द के बावजूद खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। एशियन चैंपियन अंशु के लिए तोक्यो ओलिंपिक यादगार नहीं रहा था लेकिन उसके ठीक दो महीने बाद इस प्रतिभावान रेसलर ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचकर खुद को साबित करने की कोशिश की है।

वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में अंशु भारत को दूसरा गोल्ड दिला सकती हैं। इससे पहले भारतीय पहलवान सुशील कुमार ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गोल्ड जीतने में सफल रहे हैं। सुशील ने साल 2010 में भारत को इकलौता गोल्ड दिलाया था। अंशु ने सेमीफाइनल में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार फाइनल का टिकट कटाया है।

## न्यूज डायरी



### टी20 विश्व कप 2021 के बाद ये शख्स छोड़ेगा टीम इंडिया का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के हेड स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच निक वेब ने बड़ा एलान टी20 विश्व कप 2021 से पहले किया है। निक वेब ने कहा है कि वे टी20 विश्व कप के बाद टीम इंडिया का साथ छोड़ देंगे। फिटनेस कोच निक वेब मेगा इवेंट के बाद अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। वे पिछले दो साल से ज्यादा समय से टीम इंडिया के साथ थे। निक वेब ने इंस्टाग्राम पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं और अपने इस्तीफे को लेकर भी कहा है। निक वेब ने इंस्टा पोस्ट में कहा, पिछले 2 साल से ज्यादा समय से मुझे भारत और भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य और सम्मान मिला है। हमने इस दौरान एक टीम के रूप में बहुत कुछ हासिल किया है और विकसित किया है। एक टीम के रूप में हमने इतिहास रचा, हमने मैच जीते और हम मैच हारे, लेकिन हमने लगातार कैसे प्रतिक्रिया दी और कई चुनौतियों का सामना करने के साथ–साथ हर एक दिन प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा के साथ अनुकूलित किया, यह ऐसी चीजें हैं जो इस टीम को खास बनाती हैं।

### ब्रेन ट्रॉमा, याददाश्त गई पर हौसला वही, फिर से एक्सिलेटर दबाने को तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इतना भयानक एक्सीडेंट कि जान जा सकती थी। चोट की वजह से ब्रेन ट्रॉमा और याददाश्त तक गई, पर हौसला नहीं हारे। मौत को मात देकर 10 महीने में न केवल पूरी तरह से फिट हुए, बल्कि एक बार फिर से एक्सिलेटर दबाने को तैयार हैं। यह स्टोरी है भारतीय मोटरसाइकल रेसर सीएस संतोष की। उनका जनवरी में एक एक्सीडेंट हुआ था, जिससे उन्हें फिट होने में 10 महीने लग गए। भारत के जाने माने रेसर संतोष 6 जनवरी, 2021 को सऊदी अरब में डकार रैली के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गए थे। एक्सीडेंट के बाद उन्हें दवा देकर कोमा की स्थिति में रखा गया और एयर एंबुलेंस में रियाद के अस्पताल में ले जाया गया। यहां वह 8 दिन तक रहे और कोमा की ही स्थिति में दुनिया की सबसे बड़ी रैलियों में से एक में हीरो मोटोस्पार्ट्स टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले 37 साल के संतोष को बेंगलुरु लाया गया।

### कोरोना पर दोमुहें ब्रिटेन को जोरदारा तमाचा, राष्ट्रमंडल खेलों से हटी भारतीय हॉकी टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने कोरोना पर श्दोमुहेंश ब्रिटेन को जोरदारा तमाचा जड़ा है। कोविड–19 से जुड़ी चिंताओं और देश के यात्रियों के प्रति ब्रिटेन के भेदभावपूर्ण क्वारंटीन नियमों के कारण भारत ने अगले साल बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की हॉकी प्रतियोगिता से हटने का फैसला लिया है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोबम ने महासंघ के फैसले से भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को अवगत करा दिया है। इंग्लैंड के कोविड–19 से जुड़ी चिंताओं और भारत सरकार के ब्रिटेन के सभी नागरिकों के लिए 10 दिन का क्वारंटीन अनिवार्य करने का हवाला देकर भुवनेश्वर में अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप से हटने के एक दिन बाद हॉकी इंडिया ने यह कदम उठाया है।

### लवलीना को विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में सीधी एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने आगामी महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए टीम में सीधे जगह दी है। महासंघ ने फैसला किया है कि टीम की बाकी सदस्य आगामी राष्ट्रीय चौंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता होंगी। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन हिसार में 21 अक्टूबर से किया जाएगा और हाल में संपन्न पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप की तरह इस प्रतियोगिता के विजेता मुक्केबाजों को भी विश्व चैंपियनशिप की टीम में जगह दी जाएगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कहा, 'प्रत्येक वजन वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता एआईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।